हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, 17 दिसंबर, 2025

9 ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन



10 एसडीएम ने युद्ध स्मारक पर शहीदों को किया नमन



## खबर संक्षेप



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### किसान आईडी बनाने के लिए कल से लगेंगे शिविर

**झज्जर।** किसान आईडी का उद्देश्य केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं तक किसानों की पहुंच को आसान बनाते हुए किसान केंद्रित लाभ प्रदान करना है। जिलेभर में वीरवार से चिन्हित गांवों में कैंप आयोजित किए जाएंगे। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मंगलवार को कृषि एवं किसान कल्याण,राजस्व सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में दिए। प्रत्येक तहसील के दो गांवों में आयोजित कैंपों में आईडी कार्ड बनाए जाएंगे।

### आईटीआई में आज लगेगा रोजगार मेला

**बहादुरगढ़।** आईटीआई से पास आउट प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिस के अवसर दिलाने के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्या गीता आर सिंह ने बताया कि इसमें उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम हरियाणा आदि सरकारी प्रतिष्ठान भाग ले रहे हैं। मेले में 30 रिक्तियों के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा।

### बाल विवाह के खिलाफ प्रशिक्षण 22 दिसंबर को

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एमडीडी ऑफ इंडिया एनजीओ के सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता एवं रोकथाम तथा बाल विवाह पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सीजेएम विशाल ने बताया कि यह कार्यक्रम 22 दिसंबर को होगा।

### नेशनल शूटिंग स्पर्धा के लिए अंकित चयनित



**बहादुरगढ़।** गांव जसौर खेड़ी निवासी अंकित तहलान ने 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। अंकित ने 10 मीटर एयर राइफल सब यूथ, यूथ, जूनियर और सीनियर कैटेगरी के लिए नेशनल क्वालीफाई कर लिया है।खरखौदा के खुर्मपुर में स्थित बुद्धा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में नौवीं कक्षा के छात्र अंकित तहलान ने 595.5 का स्कोर किया और जनवरी में इंटरनेशनल प्रतियोगिता के लिए सिलेक्ट हो गया है। अंकित की इस उपलब्धि से गांव गांव जसौर खेड़ी में भी खुशी का माहौल है। अंकित गत 11 महीने से अभिनव शूटिंग अकेडमी में प्रैक्टिस करता है।

# एक्यूआई 160 : ग्रैप 4 लागू होने पर भी सरकारी निर्माण पर नहीं लगे ब्रेक, कागजों में पाबंदियां जारी कर भूले अधिकारी

**नागरिक अस्पताल, मेन बाजार और डाकखाना परिसर में धड़ल्ले से चल रहे निर्माण कार्य**

**वायु प्रदूषण रोकने के लिए गंभीर नहीं जिला प्रशासन, धूल उड़ने से रोकने के आदेश धरातल पर नहीं हुए लागू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

वायु गुणवत्ता के गंभीर श्रेणी में पहुंचने पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशानुसार ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चौथे चरण की पाबंदियां लागू की गई हैं। डीसी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार लगाई गई पाबंदियों में जहां किसी भी प्रकार के निर्माण व ध्वस्तीकरण पर रोक लगाई गई है वहीं धूल पर नियंत्रण रखने के लिए टैंकर द्वारा नियमित रूप से शहर की सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। पाबंदियों के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर चलाए जा रहे निर्माण कार्य बेरोक-टोक जारी हैं। झज्जर की बात करें तो मंगलवार को एक्यूआई स्तर 160 के करीब बना रहा, जो खतरनाक श्रेणी में आता है। यदि इसी तरह आदेशों की अनदेखी होती रही तो इसके नीचे आने की संभावना कम ही है।

**यहां धड़ल्ले से चल रहा निर्माण कार्य**

शहर के नागरिक अस्पताल, मेन बाजार और डाकखाना परिसर में निर्माण कार्यों को धड़ल्ले से अंजाम दिया जा रहा है। नागरिक अस्पताल में श्रमिकों द्वारा बाउंड्री वाल का निर्माण किया जा रहा है। मेन बाजार में अंडरग्राउंड नालों को ओपन नालों में तबदील करने का कार्य किया जा रहा है तथा डाकखाना परिसर स्थित सार्वजनिक शौचालय में मरम्मत कार्य चल रहा है। ऐसे में लोग असमंजस की स्थिति में है। लोगों का कहना है कि जब ग्रैप-4 के अंतर्गत निर्माण कार्यों पर सख्ती से रोक लगाई गई है तो फिर सरकारी परिसरों और प्रमुख बाजारों में यह काम किस प्रकार से जारी है। लोगों में यह सवाल गहराता जा रहा है कि क्या ये पाबंदियां केवल आमजन के लिए हैं और सरकारी या प्रशासनिक कार्य इससे बाहर हैं।







झज्जर। मेन बाजार में थाना परिसर के सामने ओपन नाला निर्माण में कार्यरत श्रमिक व नागरिक अस्पताल के मुख्य गेट के साथ बाउंड्री वॉल बनाने में जुटे श्रमिक।

## नेशनल हाईवे पर एचएल सिटी के निकट बड़ा हादसा

# धुंध बनी जानलेवा : डंपर से टकराकर कैंटर चालक की मौत

**क्षतिग्रस्त कैबिन में कई घंटे तक फंसा रहा चालक अस्पताल में तोड़ा दम**

**आगे चल रहे डंपर ने अचानक ब्रेक मारे तो कैंटर पीछे से जा भिड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

इलाके में धुंध का कहर बढ़ रहा है और हाईवे पर वाहन टकरा रहे हैं। सोमवार देर रात को भी यहां नेशनल हाईवे पर एचएल सिटी के निकट जबरदस्त हादसा हो गया। यहां अचानक डंपर चालक ने ब्रेक लगाए तो उससे कैंटर टकरा गया। हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मुकेश के रूप में हुई है। वह फिरोजपुर झिरका का रहने वाला था। पिछले करीब 15 साल से ड्राइवरी कर रहा था। जानकारी के अनुसार, बीती देर रात को वह रोहतक से कैंटर लेकर दिल्ली के लिए चला। पुलिस को दी शिकायत में बड़े भाई कैलाश ने कहा कि रात करीब ढाई बजे मुकेश नेशनल हाइवे पर एचएल सिटी के निकट पहुंचा तो आगे एक डंपर चल रहा था। डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे चल रहे मुकेश को भी ब्रेक लगाने पड़े। इस वजह से उसकी गाड़ी अनियंत्रित हुई और डंपर से टकरा गई। टक्कर लगते ही कैंटर का कैबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और मुकेश उसमें फंस गया।





बहादुरगढ़। कैबिन में फंसा चालक मुकेश व हादसे में क्षतिग्रस्त संदीप का कंटेनर।

**कैबिन काटकर चालक को निकाला बाहर**

राहगीरों ने देखा तो बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस, स्वास्थ्य विभाग व दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद कैबिन काटकर जैसे-तैसे चालक को बाहर निकाला गया। अस्पताल में लेकर गए तो उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने अस्पताल में पहुंचकर मंगलवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। वहीं, यातायात प्रभारी सतीश ने कहा कि धुंध को देखते हुए चालक निर्धारित लेन में संयमित गति से वाहन चलाएं। नियमों का पालन करें। खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों का भी ख्याल रखें।

### कटरा एक्सप्रेस वे पर हादसे में कंटेनर चालक की मौत

- धुंध व अंधेरे की वजह से सड़क किनारे खड़े दूसरे ट्राले में हुई थी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

जम्मू कटरा एक्सप्रेस-वे पर ट्राले से टकराकर गंभीर रूप से घायल हुए कंटेनर चालक ने पीजीआई रोहतक में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में आरोपी ट्राला चालक के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय संदीप के रूप में हुई है। पांच भाइयों में चौथे नंबर का संदीप गुरुग्राम के पंचगांव स्थित एक कंपनी में बतौर चालक कार्यरत था। गत 12 दिसंबर को वह गाड़ी में कंपनी से माल भरकर पूना के लिए रवाना हुआ। जसोरखेड़ी के निकट कटरा एक्सप्रेस वे के टोल से कुछ आगे बढ़ा ही था कि सड़क किनारे एक ट्राला खड़ा था। धुंध व अंधेरे के कारण उसे एकाएक कुछ नजर नहीं आया और गाड़ी ट्राले से जा टकराई। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। उसे बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। ईलाज के दौरान सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस पीजीआई रोहतक गई और शव का पोस्टमार्टम कराया।

### आज मौसम साफ रहने का अनुमान

**झज्जर।** दो दिनों तक लगातार पड़े कोहरे के बाद मंगलवार को दिन साफ रहा। सुबह धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांस लेते हुए धूप का आनंद लिया। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 23 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञों द्वारा जहां बुधवार को मौसम साफ रहने का अनुमान लगाया जा रहा है वहीं वीरवार के बाद तापमान में और गिरावट आ सकती है।



झज्जर। अस्पताल परिसर में धूप का आनंद लेते हुए लोग।



बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

**लूट का माल बरामद करना चुनौती**

# ईएसआई अस्पताल के लूट केस में 5 रिमांड पर

- करीब 18 लाख रुपये का सामान लूट ले गए थे आरोपी
- वारदात से दो दिन पहले काम के बहाने अस्पताल परिसर में आकर एक आरोपी ने की थी रेकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सेक्टर-4बी में स्थित निर्माणाधीन ईएसआई अस्पताल में लाखों रुपये के तांबे सहित अन्य सामान की लूट के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपी छह दिन के रिमांड पर लिए गए हैं। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि गिरफ्त में आए आरोपियों में से एक आरोपी ने वारदात से दो दिन पहले काम के बहाने अस्पताल परिसर में आकर रेकी की थी। इसके बाद उसने साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों की पहचान विशाल, इमरान, प्रशांत, सूर्यकांत और शान मलिक के रूप में हुई है। ये अलग-अलग क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस इनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

वारदात पांच दिसंबर की रात को हुई थी। बदमाश पीछे के रास्ते से अस्पताल परिसर में दाखिल हुए और मैस में मौजूद सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाकर स्टाफ क्वार्टरों के पास बने स्टोर रूम का ताला तोड़कर करीब 500 किलो कॉपर प्लेट व स्ट्रिप तथा 37 हजार मीटर कॉपर वायर ले गए। लूटा गया माल करीब 18 लाख रुपये मूल्य का बताया गया है। साइट इंजीनियर राजकिशोर शुक्ला की शिकायत पर सेक्टर-6 थाना में मामला दर्ज किया गया था। सेक्टर-6 थाना प्रभारी जयभगवान ने बताया कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और लूटे गए तांबे की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## जिला सत्र न्यायाधीश को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

एडवोकेट विक्रम सिंह छिल्लर समेत अनेक अधिवक्ताओं ने हरियाणा जज एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान अजय तेवतिया को बधाई दी। प्रधान चुने जाने पर जिला सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया को भगवत गीता भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि न्यायाधीश अजय तेवतिया के नेतृत्व में हरियाणा जज एसोसिएशन न्यायिक व्यवस्था को अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करेगी। वकील संदीप गुलिया, अशोक अहलावत, सुमित देशवाल, सुरेंद्र बालियान, जितेंद्र दलाल, सुरेंद्र बालियान, कार्तिक कुमार व सुमित देशवाल आदि ने उन्हें बधाई दी।



बहादुरगढ़। जज अजय तेवतिया को बधाई देते विक्रम छिल्लर व अन्य।

## राजबीर चेयरमैन और अनिल बने प्रधान

- हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के त्रिवार्षिक चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के त्रिवार्षिक चुनाव शहर के रेस्ट हाउस में संपन्न हुए। सर्वसम्मति से राजबीर को चेयरमैन और अनिल रोहिल्ला को प्रधान चुना गया। शहर के विश्राम गृह में हुए चुनाव के दौरान हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्कर्स यूनियन के प्रदेश सह-सचिव सतबीर सिंह व राज्य उप महासचिव जयदीप सहरावत चुनाव पर्यवेक्षक के दौर पर मौजूद रहे। यूनियन के सदस्यों ने सर्वसम्मति से राजबीर को चेयरमैन, अनिल रोहिल्ला को प्रधान, परमजीत को वरिष्ठ उप-प्रधान, हिमांशु को सचिव, सुनील को उप सचिव, अमित शर्मा को कोषाध्यक्ष, दीपक कालोनिया को उप कोषाध्यक्ष और सुरेंद्र को प्रेस सचिव चुना।



बहादुरगढ़। पद व गोपनीयता की शपथ लेते यूनियन पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

**संजय बने ऑडिटर**

सलाहकार की जिम्मेदारी फूल सिंह को सौंपी गई। जबकि लखपति व संजय कुमार को ऑडिटर बनाया गया है। इस मौके पर नवनिर्वाचित प्रधान अनिल रोहिल्ला ने कहा कि उन्हें 3 साल के लिए पदाधिकारी चुना गया है। कर्मचारियों को समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास रहेगा।

**गांव बामड़ोली के बड़ा पाना के अविकेश छिल्लर 23 वर्ष की आयु में बने फ्लाइंग ऑफिसर**

# विधायक ने किया फ्लाइंग ऑफिसर अविकेश छिल्लर का सम्मान

**ग्रामीणों ने समारोह आयोजित कर होनहार युवा को किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव बामड़ोली के बड़ा पाना निवासी अविकेश छिल्लर के 23 वर्ष की आयु में भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनने पर विधायक राजेश जून समेत ग्राम वासियों द्वारा जोरदार स्वागत व सम्मान किया गया। जून ने उनके पिता सतबीर सिंह छिल्लर को भी बधाई दी। गांव के सुल्तान फार्म हाउस पर आयोजित सम्मान समारोह में विधायक राजेश जून ने अविकेश छिल्लर का फूल माला पहनाकर स्वागत किया व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि गांव के युवाओं का भारतीय वायुसेना जैसी प्रतिष्ठित सेवा में चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।



बहादुरगढ़। फ्लाइंग ऑफिसर अविकेश छिल्लर का सम्मान करते विधायक राजेश जून।

**एमडीयू से की थी पढ़ाई**

राजेश जून ने कहा कि अविकेश का सम्मान करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है क्योंकि मैं स्वयं भी एयरफोर्स में रहकर देश की सेवा कर चुका हूं। फ्लाइंग ऑफिसर अविकेश छिल्लर ने बताया कि उन्होंने 12वीं तक शिक्षा एसआर सेंचुरी स्कूल से प्राप्त की और बीए एमडीयू से की। अविकेश के पिता बहादुरगढ़ में खाद बीज की दुकान चलाते हैं और एग्रीकल्चर में डॉक्टर हैं।

# कॉलोनियों को वैध करने की मांग

- कबीर बस्ती के लोग करीब 70 वर्षों से रह रहे, मालिकाना हक मांग रहे : सिकंदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नगर परिषद की बुधवार को होने वाली हाउस बैठक में वार्ड नंबर 31 की अवैध कॉलोनियों को स्वीकृत करवाने के लिए पार्षद सरिता आवाज उठाएगी। उनके भाई सिकंदर ने बताया कि छिकारा कॉलोनी व दुर्गा कॉलोनी को वैध करवाने तथा पिछले 70 वर्षों से रह रहे कबीर बस्ती के लोगों को मालिकाना हक दिलाने की प्रमुख मांग बैठक में रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि वार्ड की छिकारा कॉलोनी व दुर्गा कॉलोनी में 100 प्रतिशत बसावट होने के बावजूद आज भी लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। कबीर बस्ती के लोग पिछले करीब 70 वर्षों से वहां रह रहे हैं, बिजली मीटर और पानी के कनेक्शन भी मौजूद हैं। इसके बावजूद उन्हें आज तक मालिकाना हक नहीं दिया जाना न्यायसंगत नहीं है। भूप प्रधान, बलराम टांक, चांद, राजेश, जतिन, गोलू व नरेश आदि ने भी कॉलोनियों को नियमित करने की मांग की।



बहादुरगढ़। कॉलोनियां नियमित करने की मांग करते सिकंदर व अन्य।



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे'को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर'पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'में समेटा गया है।

## लाइफ Style



# श्रद्धा

## हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

रणवीर सिंह की 'धुरंधर'इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।

## हॉलीवुड मसाला



# ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत

**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।




# इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



# पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



# सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन



इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।

# विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंट: द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।




### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



## कर्मचारियों ने मांगों से संबंधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने दो घंटे जताया विरोध



बहादुरगढ़। अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- एचएसईबी वर्कर्स यूनियन से जुड़े कर्मचारी लगातार प्रदर्शन कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का कर्मचारी विरोध जता रहे हैं। बीते चंद दिनों में बहादुरगढ़ में एचएसईबी वर्कर यूनियन से जुड़े कर्मचारी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को भी बहादुरगढ़ यूनिट के तहत आने वाली तमाम सब यूनिटों के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने निगम कार्यालय के गेट पर दो घंटे का धरना देकर विरोध जताया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

मंगलवार को धरने की अध्यक्षता प्रवीण जेई ने की। मंच का संचालन प्रधान राजेश ने किया। तमाम सब यूनिटों के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखते हुए ऑनलाइन ट्रांसफर नीति को गलत ठहराया। सर्कल सचिव बिजेंद्र फोगाट ने कहा कि यह प्रक्रिया अनुचित है। इससे कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जब तक सरकार इस फैसले को वापस नहीं लेती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

नवीन, राजेश, भूपेंद्र, महेश, सुमित, बिजेंद्र जेई, प्रवीण, लोकेश, अनिल सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान कर्मचारियों ने मांगों से संबंधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

### कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सरकार विरोधी नारे लगाए, सौंपा ज्ञापन

**झज्जर** । ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में मंगलवार को एचएसईबी वर्कर्स यूनियन द्वारा बिजली निगम कार्यालय परिसर में दो घंटे का विरोध प्रदर्शन किया। यूनियन की सेंट्रल काउंसिल के आह्वान पर किए गए इस धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट पदाधिकारी सत्येंद्र ने की। मंच संचालन यशवीर द्वारा किया गया। कर्मचारियों ने प्रदर्शन के दौरान सरकार विरोधी नारे लगाए तथा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की निंदा की। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों द्वारा एसडीओ को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस मौके पर यूनिट प्रधान लवकेश, संजीव छिल्लर, संदीप, रणबीर, प्रदीप, कृष्ण, अमित, दीपक, विजयपाल, नरेंद्र, राकेश, मुकेश, प्रवीण, मंजीत, सुंदर, करतार, निर्मला, दीपक, श्रवण, अनिल, मंजू, ज्योति, बनीता, रणसिंह, राजेंद्र, नवीन, विकास, विशाल, तकदीर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। विरोध प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते हुए निगम कर्मचारी।



बहादुरगढ़। चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी से मुलाकात करते दल के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# गाय को नगर माता का दर्जा दिलाने की मांग अब शहर से गांवों में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गाय को नगर माता का दर्जा दिए जाने की मांग अब शहर से निकलकर गांवों तक पहुंच गई है। सनातन संस्कृति रक्षा दल के आह्वान पर शुरू हुई इस मुहिम को नगर पार्षदों के साथ-साथ कई सरपंचों का भी साथ मिला है। सनातन संस्कृति रक्षा दल के बहादुरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष नवीन राठी ने बताया कि सिद्दीपुर की सरपंच रेखा देवी, बराही के सरपंच मोहित छिल्लर, मुकुंदपुर के सरपंच सुमित छिकारा तथा लडरावण के सरपंच मनीष ने अपनी-अपनी ग्राम सभाओं में बैठक कर सर्वसम्मति से गो माता को नगर माता का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित किया है। नवीन राठी के अनुसार, अब तक 29 पार्षद, 7 सामाजिक संस्थाएं, 8 धार्मिक-सांस्कृतिक संगठन और 6 गोशाला केंद्र इस मांग के समर्थन में सामने आ चुके हैं। उनका कहना है कि सनातन संस्कृति में गोमाता का विशेष स्थान है और नगर माता का दर्जा मिलने से गो संरक्षण व संवर्धन को नई दिशा मिलेगी। उन्हें कहा कि 17 दिसंबर को होने वाली नगर परिषद बोर्ड की बैठक पर गोभक्तों की आशाभरी नजर टिकी है।

# आवारा कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी को लेकर प्रशासन गंभीर : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

शहरों में आवारा कुत्तों के टीकाकरण एवं नसबंदी को लेकर जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या, डॉग बाइट की घटनाओं की रोकथाम एवं जन सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है।

उन्होंने कहा कि ज्वाइंट टास्क फोर्स गठित करते हुए प्रभावी रूप से कार्य किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशु जन्म नियंत्रण एवं एंटी-रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम को समयबद्ध, प्रभावी और योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शहरी स्थानीय निकाय के साथ साथ विकास एवं पंचायत विभाग सक्रियता से कार्य करें। सभी विभागों द्वारा नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए।

उन्होंने कहा कि डॉग शेल्टर के निर्माण तथा व्यापक नसबंदी अभियान से न केवल आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण होगा, बल्कि आमजन, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और डॉग बाइट की घटनाओं में भी कमी आएगी।

# एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए किया जागरूक

- गांव पाटौदा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के साथ उपस्थित संस्था सदस्य।

क्षेत्र के गांव पाटौदा में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, संरक्षण एवं बाल निषेध अधिकारी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा चलाए जा रहे एक सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर रचना ने मौजूद महिला एवं किशोरियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। पैरा लीगल वालिंटियर कर्मजीत छिल्लर ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए समय-समय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने बाल विवाह अधिनियम की जानकारी देते हुए लोगों को जागरुक रहने संबंधी शपथ दिलाई। इसके अलावा लोगों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया गया।

इस मौके पर एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक मनोज कुमार, संदीप जांगड़ा, आंगनवाड़ी वर्कर कृष्णा, शारदा, आशा, बबीता, मंजू, नीलम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# वाई ब्रेक में कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

आयुष विभाग द्वारा कार्यस्थल पर माहौल को अनुकूल बनाने और अधिकारियों-कर्मचारियों को तनाव मुक्त रह कर कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से 'वाई-ब्रेक' देने का निर्णय लिया गया है। वाई-ब्रेक यानी योग के लिए ब्रेक कार्य दिवस में पांच मिनट के लिए होगा। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि सरकार द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को अब कार्यस्थल पर प्रत्येक कार्य दिवस पर कुछ ऐसी क्रियाएं और सरल योग के आसन करने के लिए समय दिया गया है, जिससे वह तनाव से मुक्त होकर और बेहतर तरीके से काम कर सकें। वाई-ब्रेक पांच मिनट का होगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय बीडीपीओ कार्यालय में आयुष विभाग के तत्वावधान में डॉक्टर बरखा वत्स, योगाचार्य गीता व योगाचार्य प्रदीप कुमार द्वारा योग ब्रेक कराया गया।



झज्जर। बीडीपीओ कार्यालय में वाई ब्रेक के दौरान योग करते हुए कर्मचारी।




झज्जर। प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति देते हुए छात्रा। फोटो : हरिभूमि

# कल के कलाकार स्पर्धा में संस्कारम् के विद्यार्थी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कल के कलाकार प्रतियोगिता में संस्कारम् इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। विश्व इंटरनेशनल स्कूल भिवानी में आयोजित इस प्रतियोगिता में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्कारम् ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि नृत्य स्पर्धाओं में भाग लेने से मनोरंजन के साथ-साथ विद्यार्थी का शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। इस उपलब्धि पर प्राचार्या श्वेता कौशिक ने सभी विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## कांग्रेस ने खोया राजनीतिक संतुलन औमप्रकाश धनखड़

झज्जर। लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करने से ही देश व हरियाणा की जनता नेताओं को सम्मान देती है। कांग्रेस पार्टी ने अपने अलोकतांत्रिक व्यवहार से राजनीतिक संतुलन खो दिया है।



इसलिए राहुल गांधी और दूसरे कांग्रेसी नेताओं के बयानों को देश में गंभीरता से नहीं लिया जाता। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सचिव धनखड़ जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का दृष्टिकोण हमेशा जो चाहा वो किया वाला है। इन्होंने देश पर लंबे समय तक मनमाने ढंग से राज किया। आज भी मनमानी का स्वभाव कांग्रेस के रक्त में है। इसी कारण कांग्रेस पतन की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोक लाज और मर्यादा को ध्यान में रखकर ब्यान दिए जाते हैं। लोकतांत्रिक परंपराओं का आदर राजनीति में सर्वोपरि होना चाहिए।

## ईवीएस क्विज में अटल सदन की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। ईवीएस क्विज में भाग लेते हुए टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में मंगलवार को अंतर सदनीय ईवीएस क्विज का आयोजन किया गया। क्विज में दूसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्राइमरी हेड नीलम कुमारी और अध्यापिका पूनम शर्मा ने निभाई जबकि मंच संचालन नेहा व नीलम द्वारा किया। प्रतियोगिता परिणामों में अटल सदन की टीम में शामिल कीर्ति, यशवी, खुशंस व गरिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पटेल सदन से हंसुजा, दक्ष, सनाया व प्राची द्वितीय, कलाम सदन से लवेश, अनाया, रक्षित व नित्या तृतीय तथा रमन सदन की टीम को सांत्वना पुरस्कार मिला। सभी विजेता विद्यार्थियों को एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव हेमंत गुलिया व विशाल नेहरा और एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## सीएम फ्लाइंग का बीज भंडार पर छापा

**धारूहेड़ा**। सीएम फ्लाइंग व कृषि विभाग की टीम ने आंकेड़ा में बीज भंडार की दुकान का निरीक्षण किया। जांच में दुकान पर पीओएस मशीन के अनुसार स्टाक से यूरिया के 46 बैग कम मिले। स्टॉक रजिस्टर व डिस्पले बोर्ड भी लगा हुआ नहीं मिला।

**कार्यशाला** सेंसस असेसमेंट के लिए पीजीटी एवं टीजीटी शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियों के प्रति मातृत्व एवं पितृत्व भाव अपनाएं शिक्षक: डीईईओ

- इन्हीं आंकड़ों के आधार पर आगे की शैक्षणिक रणनीतियां बनाई जाती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु शिक्षकों को संबोधित करते हुए डीईईओ राजबाला मलिक। फोटो : हरिभूमि

जिले के सभी खंडों में सेंसस असेसमेंट के लिए पीजीटी एवं टीजीटी शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को मूल्यांकन की प्रक्रिया में नवीन दृष्टिकोण प्रदान करना तथा मूल्यांकन के द्वारा प्राप्त आंकड़ों का सार्थक उपयोग सुनिश्चित करना है, ताकि विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में वास्तविक सुधार लाया जा सके।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने झज्जर खंड में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुजाना में आयोजित प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं से संवाद करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केवल औपचारिकता न होकर एक ऐसे माध्यम के रूप में कार्य करे, जिससे विद्यार्थियों की वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि मूल्यांकन का सही उद्देश्य तभी पूरा होगा जब आंकड़े वास्तविकता पर आधारित होंगे, क्योंकि इन्हीं आंकड़ों के आधार पर आगे की शैक्षणिक रणनीतियां बनाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि वे विद्यार्थियों के प्रति मातृत्व एवं पितृत्व भाव अपनाएं। उन्होंने कहा कि यदि हम बच्चों के साथ अपने बच्चों की तरह व्यवहार करते हैं तो वे अपने विचार, क्षमता और योग्यता को खुले मन से व्यक्त करेंगे। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे विद्यार्थियों के सीखने के वातावरण को सहज, सौहार्दपूर्ण और प्रोत्साहनात्मक बनाएं ताकि हर बच्चा अपनी क्षमता के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सके। वहीं डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी 22-23 दिसंबर को होने वाले सेंसस मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार लाना और सटीक आंकड़े एकत्रित करना है।

वहीं खंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र नांदल ने कहा कि सम्पूर्ण असेसमेंट की प्रक्रिया को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से किया जाएगा। इस अवसर पर प्रशिक्षण से जुड़े सभी प्रशिक्षक मीना, रेखा, संजय आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं मुकेश रोहिल्ला पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण निवासी सुभाष नगर, गली नंबर-3, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र पार्थ मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। पार्थ अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

हम रजनी देवी पत्नी श्री अनिल कुमार व अनिल कुमार पुत्र श्री उदल्ल सिंह निवासीयान मकान नंबर-487/4, हरि नगर, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र रिशव पाल व पुत्रवधु सुमन हमारे कहने सुनने से बाहर हैं और हम उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। रिशव पाल व उसकी पत्नी सुमन अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**इस्तहार बराए अखबार**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी बहादुरगढ़**

**राकेश आदि बनाम दर्शनपाल आदि**

To

जोहन पुत्र गीता पुत्री कृष्ण पुत्र जयलाल
निवासी गांव लडरावन, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर

राकेश आदि ने आपके विरूद्ध दरखास्त तकसीम बाबत खेवट न0 71//63, खतौनी न० 78, मौजा लडरावन दायर की हुई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 19-01-2026 को दिन में 09:00 बजे दरखास्त का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए तलब किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे पलीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवन प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उतर दे सके। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वादी की सुनवाई और उसका निपटारा आपको अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यह आज तारीख 10-12-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**हस्ता/-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, बहादुरगढ**

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माया देवी (पत्नी), संगीता (पुत्री) सुनीता (पुत्री), रवि चुघ (पुत्र) W/O, D/O S/O स्व. हरि किशन निवासी धर्मपुरा, बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3B6BN3U0 Ward No. 17 कॉलोनी धर्मपुरा जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 145 से 145 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0187427431 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नम्बर 3B6BN3U0 वार्ड नम्बर 17 कॉलोनी धर्मपुरा में यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूत सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर- अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नम्बर 3B6BN3U0/145 वर्ग गज प्रार्थी माया देवी (पत्नी) संगीता (पुत्री) सुनीता (पुत्री) रवि चुघ (पुत्र) W/O, D/O, S/O स्व. हरि किशन के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

**हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।**

## 1971 में पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत की वर्षगांठ पर शहीदों को किया याद

**विजय दिवस :** जिले में कई जगह कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# एसडीएम ने युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को किया नमन


झज्जर। शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए एसडीएम अंकित कुमार चौकसे।


झज्जर। संस्कारम स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सैन्य अधिकारी।


बहादुरगढ़। शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी को नमन करते सामाजिक कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

भारत की वर्ष 1971 में पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत की वर्षगांठ विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि दी गई। एसडीएम अंकित कुमार चौकसे ने मंगलवार सुबह सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग के कार्यालय परिसर में युद्ध स्मारक पर जाकर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान डीआईपीआरओ सतीश कुमार,कल्याण अधिकारी रिटायर्ड कर्नल राजीव कुंडू ने भी पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने शहीदों को सलामी दी और मातमी धुन बजाकर नमन किया। एसडीएम ने शहीदों का भावपूर्ण स्मरण करते हुए देश की अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय सेना की अतुलनीय उपलब्धि को पूरा देश विजय दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि शहीद देश की अमूल्य धरोहर होते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश वीरों की भूमि है और देश की रक्षा में तैनात सैनिकों में झज्जर जिले की उल्लेखनीय भागीदारी है। उन्होंने कहा कि देश के अमर शहीदों ने हमारे लिए जो बलिदान दिया है हम उनके सदैव ऋणी रहेंगे।

### विजय दिवस समारोह में किया भूतपूर्व सैनिकों का अभिनंदन

**झज्जर।** मंगलवार को विजय दिवस के उपलक्ष्य में संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में कार्यक्रम का आयोजन कर भूतपूर्व सैनिकों का अभिनंदन किया गया। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। एनसीसी कैडेट्स के लिए एक विशेष संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। जिसमें सैन्य अधिकारियों ने युवा कैडेट्स के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए उनके साथ सैन्य जीवन के अनुभव सांझा किए।

### विजय दिवस पर भारत-पाक युद्ध के वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** विजय दिवस के अवसर पर मंगलवार को शहीद स्मारक 1971 के भारत-पाक युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। शहीद यादगार मंच के सदस्यों ने देश के अमर शहीदों को पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि हमें अपने वीर-जवानों के शौर्य व बलिदानों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कामरेड जयकरण ने विजय दिवस के ऐतिहासिक दिन शहीदों को नमन किया। शहीदों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों व पूर्व सैनिकों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे हमारे लिए हमेशा प्रेरणा के स्त्रोत रहेंगे। सतबीर सिंह ने कहा कि वर्ष 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान अभूतपूर्व विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष शहीदों के सम्मान में 16 दिसम्बर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### जयंती पर शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी को किया याद

**बहादुरगढ़।** भारत-चीन की लड़ाई में देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी की जयंती मंगलवार को आदर व सम्मान के साथ मनाई गई। उनके स्मारक स्थल पर सांखोल के ग्रामीणों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित किए। ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी ने 16 दिसंबर 1916 को सांखोल के एक किसान परिवार में जन्म लिया था। कुछ वर्षों बाद ही इनके पिता का निधन हो गया था। पांच भाइयों में सबसे छोटे होशियार सिंह का पालन पोषण मां नान्ही देवी और बड़े भाई अमर सिंह ने किया। वर्ष-1934 में सेना की राजपूताना राइफल्स-2 में राइफल मैन के तौर पर भर्ती हुए। अक्टूबर-1961 में ब्रिगेडियर बने। तभी चीन के साथ युद्ध छिड़ गया। ब्रिगेडियर होशियार सिंह सेला पास क्षेत्र में मोर्चा संभालते हुए वीरों की भांति लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति के सदस्य व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सैंड आर्ट से चार साहिबजादों की शहादत का दृश्य उकेरा


झज्जर। सैंड आर्ट शो में प्रस्तुति देते कलाकार व मौजूद विद्यार्थी।

■ पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हरियाणा सरकार द्वारा गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों के बलिदान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सैंड आर्ट शो व जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में एनएसबी प्रोडक्शन के कलाकारों ने भव्य सैंड आर्ट शो प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से स्क्रीन पर चार साहिबजादों की शहादत का सजीव चित्रण किया। वीर बाल दिवस के अवसर पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, शिक्षा विभाग तथा हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सैंड आर्ट शो एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की अद्वितीय वीरता एवं शहादत से परिचित कराना है। इस अवसर पर एनएसबी प्रोडेक्शन के कलाकारों निम्मी सिंह बेदी, मनीषा स्वर्णकार तथा राजेश जोशी की टीम ने सैंड आर्ट का प्रदर्शन किया।

### वार्ड 5 में भरवाए गलियों के गड्ढे

**बहादुरगढ़।** वार्ड नंबर 5 में लंबे समय से खराब पड़ी गलियों में बने गड्ढों से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समाज कल्याण मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर सीमा प्रवीण दलाल के प्रयासों से लिखित में शिकायत दर्ज कराए जाने पर विभाग द्वारा गलियों के गड्ढे भरवाए गए। राजबाला, कुलवंती, कमलेश, होशियारी, बबली, अतर सिंह, भगवान दास शर्मा, सतबीर पहल, प्रदीप रोहज व प्रवेश दलाल आदि क्षेत्रवासियों ने प्रोफेसर सीमा प्रवीण दलाल का आभार जताया।


बहादुरगढ़। वार्ड नंबर 5 में गड्ढे भरते विभागीय कर्मचारी।


बहादुरगढ़। ट्रैफिक एसएचओ सतीश कुमार का स्वागत करते आरएसओ व अन्य।

### ट्रैफिक एसएचओ सतीश कुमार का किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** सड़क सुरक्षा संगठन के पदाधिकारियों के साथ सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने यातायात थाना प्रबंधक का पदभार संभालने पर निरीक्षक सतीश कुमार का स्वागत किया। सतीश कुमार इससे पहले सड़क सुरक्षा सैल के इंचार्ज, जिला यातायात समन्वयक व यातायात प्रबंधक समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि शहर को जाम मुक्त करवाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें और बाजारों में दुकानदार अतिक्रमण ना करें। यातायात के नियमों की पालना न करने वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस की तरफ से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विनोद कुमार, सुधीर भारद्वाज, सतीश शर्मा, रविंद्र सैनी, प्रवीण शर्मा, पार्षद प्रवीण कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, एडवोकेट दीपक और पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सिविल सर्विसेज गेम्स में पूनम ने जीता रजत पदक


■ 13 से 15 दिसंबर तक पटना में हुई थी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। पोडियम पर अन्य विजेता खिलाड़ियों के साथ पूनम। फोटो : हरिभूमि

बिहार में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स गेम्स में लोवा खुर्द की पूनम कुमारी छाई रहीं। शानदार प्रदर्शन करते हुए पूनम ने डिस्कस थ्रो में रजत पदक अपने नाम किया। उनकी जीत पर परिजनों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। गत 13 से 15 दिसंबर तक यह प्रतियोगिता पटना के पाटलीपुत्र स्टेडियम में हुई थी। जिसमें देश भर के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारी/खिलाड़ियों ने भाग लिया। लोवा खुर्द की निवासी पूनम वर्तमान में नूना माजरा स्थित स्कूल में पीजीटी शारीरिक शिक्षक हैं। इससे पहले भी कई पदक जीतकर इलाके का नाम रोशन कर चुकी हैं। उनकी जीत पर परिजनों, स्कूल स्टाफ व खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। पूनम का कहना है कि खेलों से सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। बच्चों, युवाओं और बड़ों को भी किसी न किसी खेल का अभ्यास जरूर करना चाहिए।

### खबर संक्षेप



#### मनप्रीत के आईआईएस में चयन पर दी विदाई

**झज्जर।** अखिल भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) में चयनित होने पर एआईपीआरओ मनप्रीत के सम्मान में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय द्वारा एक सादे विदाई समारोह का आयोजन किया गया। डीआईपीआरओ सतीश कुमार ने मनप्रीत को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि मनप्रीत ने अपने परिश्रम, अनुशासन एवं लगन से यह उपलब्धि प्राप्त कर विभाग का नाम रोशन किया है। उनका आईआईएस में चयन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। विदाई समारोह के दौरान मनप्रीत ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय झज्जर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विभाग में कार्य करते हुए उन्हें प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिला, जो भविष्य में उनकी सेवाओं में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि वे अपने क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।



#### 75 लाख में होगा चौपाल का सौंदर्यीकरण

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद जसबीर सैनी के अनुसार प्रदेश की नायब सरकार में चौपालों का सौंदर्यीकरण करवाया जा रहा है। सीएम के आदेशानुसार सैनीपुरा स्थित 7 बिस्वा चौपाल का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से कई महीने पहले यह मांग की थी। सीएम द्वारा डी-प्लान के तहत साढ़े पंद्रह लाख रुपये दिए गए थे, लेकिन यह राशि अपर्याप्त थी। अब नगर परिषद ने 75 लाख रुपये का एस्टीमेट बनाया है। टेंडर लगने के बाद भव्य चौपाल बनकर तैयार होगी। इस चौपाल का लाभ आमजन को मिल सकेगा।



#### स्कूली छात्राओं ने किया फैक्ट्री का भ्रमण

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ की कक्षा 11वीं तथा 12वीं वाणिज्य विभाग की छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के तहत औद्योगिक भ्रमण के लिए हिंदवेयर एचएसआई में ले जाया गया। वहां के तकनीकी प्रबंधक ने छात्राओं को फैक्ट्री का भ्रमण कराया तथा निर्माण की विधि समझाई। इस दौरान विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी उन्होंने दिए और उनकी उत्सुकता को शांत किया। अध्यापकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को उद्योगों को नजदीक से समझने का अवसर मिलता है।



#### तीन दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा स्थित बाबा रामदास इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन में बुधवार को तीन दिवसीय ऑफलाइन सतत पुनर्वास शैक्षणिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भारतीय पुनर्वास परिषद् द्वारा संचालित कार्यक्रम में हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के व्यावसायिक पुनर्वास कर्मी भाग लेंगे। इसमें विभिन्न पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा समाज में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की पहचान, मूल्यांकन और उनके रख-रखाव के बारे में चर्चा की जाएगी। संस्था अध्यक्ष नवीन देशवाल व समन्वयक डॉ भोम सिंह मीना द्वारा दीप प्रज्वलित करके इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### रतिया में हुए ओपन टूर्नामेंट में जीडी गोयनका स्कूल ने जीते 6 पदक

## इंटर स्कूल कराटे प्रतियोगिता में जीडी गोयनका स्कूल का रहा दबदबा

*रायशा ने 52 किलोग्राम व एकलव्य ने 45 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। पदक विजेता जीडी गोयनका स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

शहर की एचएस सिटी में स्थित जीडी गोयनका स्कूल के विद्यार्थियों ने रतिया में आयोजित ओपन इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप-2025 में शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया, लेकिन जीडी गोयनका स्कूल के खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन तकनीक, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर 6 पदक जीतकर विशेष पहचान बनाई।

प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अलग-अलग भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। देवांश छिलर ने अंडर-25 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार सफलता हासिल की। श्रेयांश ने अंडर-20 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। रायशा ने 52 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एकलव्य ने 45 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं रियान्श ने 30 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक और चेतना ने 60 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय की चेयरपर्सन शैलजा जून व उनकी टीम ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ आगे बढ़ने और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल ने कहा कि विद्यालय परिवार को अपने इन होनहार खिलाड़ियों पर गर्व है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। यह सफलता विद्यार्थियों के अथक परिश्रम के साथ-साथ उनके प्रशिक्षकों एवं विद्यालय द्वारा दिए जा रहे सतत मार्गदर्शन का सशक्त प्रमाण है।